| | |
|---|---|
| डंका डालना | मुर्गे से मुर्गा लड़ाना। मुर्गे का चोंच मारना। |
| डंका देना | हल्ला करके सबको सुनाना। सब पर प्रकट करना। प्रसिद्ध करना। घोषित करना। मुनादी करना। |
| डंका पीटना | हल्ला करके सबको सुनाना। सब पर प्रकट करना। प्रसिद्ध करना। घोषित करना। मुनादी करना। |
| डंका बजना। | अधिकार होना। चलती होना। |
| (लड़ाई का) डंका बजना | युद्ध आरम्भ होना। |
| डंका बजाना | घोषित करना। जोर-जोर से कहकर सबको सुनाना। |
| डंके की चोट कहना | खुल्लमखुल्ला कहना। सबको सुनाकर कहना। बेधड़क कहना। |
| डंड डालना | अर्थ दण्ड नियत करना। अर्थ दण्ड लगाना। |
| डंड पड़ना | हानि होना। व्यर्थ व्यय होना। |
| डंड पेलना | खूब डंड करना। आनन्द करना। |
| डंड भरना | हानि के बदले में धन देना। हरजाना देना। क्षतिपूर्ति करना। |
| डंडा खाना | डंडे की मार सहना। |
| डंडा खींचना | चारदीवारी उठाना। |
| डंडा चलाना | डंडे से प्रहार करना। |
| डंडा बजाते फिरना | मारा मारा फिरना। |
| डंडी मारना | कम सौदा तौलना। |
| डंडे खेलना | डंडी की लड़ाई का खेल खेलना। |
| डंड़ारा खींचना | डंड़ारा उठाना। चारदीवारी उठाना। |
| डकार जाना | किसी के धनादि का अपहरण करना। |
| डकार न लेना | किसी का धन या कोई वस्तु उड़ाकर पता तक न देना। चुपचाप हजम कर जाना। कोई काम करके उसके पता तक न देना। चुप्पी साध लेना। |

| | |
|---|---|
| डग देना | कदम रखना। उ०-पुर तें निकसी रघुबीर वधू धरि धीर दियो ज्यों डग द्वै। तुलसी। |
| डग भरना | कदम बढ़ाना। |
| डग मारना | कदम रखना। लम्बे पैर बढ़ाना। उ०- मारि डग जब फिरि चली सुन्दर बेनि ढुरि सब अंग। मनहुं चंद के बदन सुधा को उड़ि उड़ि लगत भुअंग। सूर। |
| डगडगा कर पानी पीना | एकदम में बहुत सा पानी पीना। |
| डगर बताना | रास्ता बताना। उपाय बतलाना। उपदेश देना। |
| डगा देना | नगाड़ा बजाना। |
| डट कर खाना | खूब पेट भर खाना। |
| डटा रहना | सामना करने या कठिनाई झेलने के लिए खड़ा रहना न हटना। मुंह न मोड़ना। |
| डब्ब पकड़कर कुछ कराना | गरदन पकड़कर कुछ काम कराना। गला दबाकर काम कराना। |
| डब में आना | वश में होना। काबू में आना। |
| डर के मारे | भय के कारण। |
| डर जाना | भयभीत होना। डल का |
| डल का डल | ढेर का ढेर। बहुत सा। |
| ढांगर घसीटना | चमारों की तरह मरा हुआ चौपाया खींचकर ले जाना। अशुचि कर्म करना। |
| डांट पर | पालकी के कहारों की एक बोली। |
| डांट में रखना | शासन में रखना। शासन द्वारा वश में रखना। |
| डांड़ मारना | मेंढ़ उठाना। |
| डांड़ी मारना | कम तौलना। |
| डाक बैठाना | शीघ्र पहुंचाने के लिए स्थान स्थान पर सवारी बदलने की व्यवस्था करना। |

| | |
|---|---|
| डाक लगाना | शीघ्र यात्रा के लिए स्थान स्थान पर सवारी बदलने की चौकी नियत करना। |
| डाढ़ी का एक एक बाल करना | डाढ़ी उखाड़ लेना। अपमानित करना। दुर्दशा करना |
| डाढ़ी को कलप लगाना | बूढ़े आदमी को कलंक लगाना। श्रेष्ठ और वृद्ध को दोष लगाना। |
| डाढ़ी छोड़ना | डाढ़ी न मुड़वाना। डाढ़ी बढ़ाना। |
| डाढ़ी फटकारना | हाथ से डाढ़ी के बालों को फटकना। सन्तोष और उत्साह प्रकट करना। |
| डाढ़ी रखना | डाढ़ी के बाल न मुड़वाना। डाढ़ी बढ़ने देना। |
| डाल का टूटा | डाल से पक कर गिरा हुआ ताजा फल। बढ़िया। चोखा। अनोखा। नया आया हुआ। नवागंतुक। |
| डाल का पका | पेड़ ही में पका हुआ। |
| डाल रखना | किसी वस्तु को रख छोड़ना। किसी काम को लेकर उसमें हाथ न लगाना। रोक रखना। देर लगाना। फुलाना। लटकाना। |
| डाली देना | औसाना। बरसाना। |
| डाली भेजना | मेवे आदि भेंट करना। |
| डाली लगाना | मेवे आदि भेंट करना। |
| डिगरी जारी करना | न्यायालय के निर्णय के अनुसार किसी सम्पत्ति पर अधिकार करने की कार्यवाही करना। |
| डिगरी देना | अभियोग में किसी के पक्ष में निर्णय करना। फैसले के जरिये से हक कायम करना। |
| डिगरी पाना | अपने पक्ष में न्यायालय का आदेश प्राप्त करना। |
| डींग की लेना | शेखी बघारना। |
| डींग हांकना | लम्बी-चौड़ी बातें कहना। |
| डीठ चुराना | नजर छिपाना। सामने न ताकना। |
| डीठ छिपाना | नजर छिपाना। सामने न ताकना। |

| | |
|---|---|
| डीठ जोड़ना | चार आंखें करना। सामने ताकना। |
| डीठ बांधना | नजरबंद करना। जादू द्वारा दृष्टि में भ्रम उत्पन्न करना |
| डीठ मारना | नजर डालना। चितवन से चित मोहित करना। |
| डीठ रखना | नजर रखना। देख रेख करना। निरीक्षण रखना। |
| डीठ लगाना | नजर लगाना। किसी अच्छी वस्तु को इस प्रकार देखना कि उस पर बुरा प्रभाव पड़े। |
| डुगडुगी पीटना | डौंड़ी बजाकर घोषित करना। मुनादी करना। चारों ओर प्रकट करना। |
| डुबकी मारना | गायब हो जाना। |
| डुबकी लगाना | गायब हो जाना। |
| डूब मरना | लज्जा के मारे मर जाना। शरम के मारे मुंह न दिखाना उ०- गर बांधि के सागर डूबि मरो। रामा०। |
| डूबते को तिनके का सहारा होना | निराश्रय व्यक्ति के लिए थोड़ा सा आश्रय भी बहुत होना। अवलम्बहीन को थोड़ा सहारा मिलना |
| डूबना-उतराना | चिन्ता में मग्न होना। सोच में पड़ जाना। चिन्ताकुल होना। घबराना। |
| डूबा नाम उछालना | फिर से प्रतिष्ठा प्राप्त करना। गयी हुई मर्यादा को फिर से स्थापित करना। अप्रसिद्धि से प्रसिद्धि प्राप्त करना। |
| डेढ़ ईंट की मसजिद चुनना। बनाना | सब से निराला ढंग रखना। जो सब लोग कहते या करते हों उसके विरुद्ध कहना या करना। |
| डेढ़ गांठ | मुट्ठी। |
| डेढ़ चावल की खिचड़ी अलग पकाना | अपनी राय सबसे अलग रखना। बहुमत से भिन्न मत प्रकट करना। |
| डेढ़ चुल्लू लहू पीना | मार डालना। खूब दंड देना। |
| डेढ़ हाथ की मसजिद बनाना | शेखी या अक्खड़पन के कारण सबसे अलग काम करना। मिल कर काम न करना। |

| | |
|---|---|
| डेरा कूच होना | यात्रारम्भ हो जाना। |
| डेरा डंडा उखाड़ना | टिकने का सामान हटा कर चला जाना। |
| डेरा डालना | सामान के साथ टिकना। ठहरना। रहना। कहीं जमकर बैठ जाना। |
| डेरा पड़ना | टिकान होना। छावनी पड़ना। उ०- मनि चौरासी कोस पर गोपन के डेरा। सूर। |
| डोबा देना | डुबाना। गोता देना। |
| डोबा भरना | डुबाना। गोता देना। |
| डोर पर लगाना | रास्ते पर लाना। प्रयोजन सिद्धि के अनुकूल करना। ढब पर लाना। प्रवृत्त करना। परचाना। |
| डोर भरना | कपड़े के किनारे को कुछ मोड़कर उसके भीतर तागा भर कर सीना। फलीता लगाना। |
| डोर मजबूत होना | जीवन का सूत्र दृढ़ होना। जिन्दगी बाकी रहना। |
| डोर लगना | किसी के पीछे पीछे चलना। अनुयायी बनना। अनुकरण करना। |
| डोर होना | मुग्ध होना। मोहित होना। लट्टू होना। |
| डोरा डालना | प्रेमसूत्र में बद्ध करना। प्रेम में फंसाना। अपनी ओर प्रवृत्त करना। परचाना। |
| डोरा देना | तपा हुआ घी ऊपर से डालना। |
| डोरा लगना | स्नेह का बन्धन होना। प्रीति सम्बन्ध होना। |
| डोरी खींचना | सुध करके अपने पास दूर से बुलाना। पास बुलाने के लिए स्मरण करना। |
| डोरी लगना | किसी के पास पहुंचने या उसे उपस्थित करने के लिए लगातार ध्यान बना रहना। |
| डोला देना | किसी राजा या सरदार को भेंट की तरह अपनी बेटी देना। अपनी बेटी को वर के घर पर ले जाकर ब्याहना। |
| डोला निकालना | दुलहिन को विदा करना। |

| | |
|---|---|
| डोला लाना | लड़की को वर के घर पहुंचा देना। |
| डोला लेना | भेंट में कन्या लेना। |
| डाला सिर पर उछलना | किसी दूसरी स्त्री का सम्बन्ध या प्रेम किसी स्त्री के पति के साथ होना। |
| डौंड़ी देना | ढोल बजाकर सर्व साधारण को सूचित करना। मुनादी करना। सब किसी से कहते फिरना। |
| डौंड़ी बजना | घोषणा होना। दुहाई फिरना। जय जयकार होना! चलती होना। उ०- लौंड़ी के घर डौंड़ी बाजी ओछी निपट अजानो। सूर । |
| डौल डालना | ढांचा खड़ा करना। रचना का प्रारम्भ करना। बनाने में हाथ लगाना। लग्गा लगाना। |
| डौल पर लाना | काट छांट कर सुडौल करना। दुरूस्त करना। अभिप्राय साधन के अनुकूल करना। इस प्रकार प्रवृत्त करना जिससे कुछ प्रयोजन सिद्ध हो सके। |
| डौल बांधना | उपाय करना। युक्ति बैठाना। |
| डौल लगाना | उपाय करना। युक्ति बैठाना। |
| डौल से लगाना | ठीक क्रम से रखना। इस प्रकार रखना जिसमें देखने में अच्छा लगे। |
| ड्योढ़ी खुलना | दरबार में आने की आज्ञा मिलना। आने जाने की आज्ञा मिलना। |
| ड्योढ़ी बंद होना | किसी राजा या रईस के यहां आने जाने की मनाही होना। आने जाने का निषेध होना। |
| ड्योढ़ी लगाना | द्वार पर द्वारपाल बैठना जो बिना आज्ञा पाये लोगों को भीतर नहीं जाने देता। |